भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5293

25 मार्च, 2026 के लिए प्रश्न

मोटे अनाजों की खरीद

5293. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश के लिए विशेषकर नेल्लोर और कोनासीमा जिलों से खरीदे गए मोटे अनाजों की मात्रा और खरीद के मूल्य का वर्ष, राज्य और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आन्ध्र प्रदेश में मोटे अनाजों के लिए जिला-वार और विशेषकर नेल्लोर और कोनासीमा जिलों में संलग्न खरीद एजेंसियों का ब्यौरा क्या है और कितने खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं;

(ग) आन्ध्र प्रदेश में भण्डार क्षमता और उपयोग सहित मोटे अनाजों के लिए सृजित/उपयोग की गई भंडारण अवसंरचना का जिला-वार और नेल्लोर और कोनासीमा जिलों में ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने मोटे अनाजों की खरीद में राज्यों के समक्ष आ रही चुनौतियों का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) विगत पांच वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा इन चुनौतियों से निपटने और विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में मोटे अनाजों की मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ बनाने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): विवरण **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

(ख): आंध्र प्रदेश में मोटे अनाज की खरीद आंध्र प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (एपीएससीएससीएल) द्वारा की जाती है। केएमएस 2023-24 और केएमएस 2024-25 के दौरान खोले गए खरीद केंद्रों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग): विवरण **अनुबंध-III** में दिए गए हैं।

(घ): जी नहीं।

...2/-

(ङ.): मिलेट्स (श्रीअन्न) की खरीद बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

i. भारत सरकार ने वर्ष 2021 में मोटे अनाज की खरीद के लिए दिशानिर्देशों में संशोधन किया है।

ii. मिलेट्स (श्रीअन्न) की वितरण अवधि/शेल्फ लाइफ को पहले की तुलना में 3 माह से बढ़ाकर 6-10 माह कर दिया गया है।

iii. अधिशेष मिलेट्स (श्रीअन्न) के अंतर-राज्यीय परिवहन के लिए एफसीआई के माध्यम से व्यवस्था की गई है।

iv. मिलेट्स (श्रीअन्न) की खरीद को प्रोत्साहित करने के लिए अधिग्रहण चरण पर प्रशासनिक शुल्क को एमएसपी के 1% से बढ़ाकर 2% कर दिया गया है।

v. सरकार ने वर्ष 2023 में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा मिलेट्स (श्रीअन्न) की खरीद के दायरे को बढ़ाते हुए 6 लघु मिलेट्स (श्रीअन्न): फॉक्सटेल मिलेट्स (कंगनी/काकुन), प्रोसो मिलेट्स (चीना), कोडो मिलेट्स (कोडो), लघु मिलेट्स (कुटकी), बकव्हीट (कुट्टू) और अमरंथस (चौलाई) को रागी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के तहत अगले तीन वर्षों (2023 से) के लिए शामिल किया गया है।

*****

लोक सभा में दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 5293 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध

अनुबंध-I

पिछले दो वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में मोटे अनाज की खरीद का जिलेवार विवरण।

ज्वार:

क्रं सं	जिला	मौसम	खरीदी गई मात्रा (टन में)	राशि (करोड़ में)
1	नंदयाल	केएमएस 2023-24 (खरीफ)	19,640	62.46
2	वाईएसआर कडपा		2,202	7.00
3	अनंतपुरमु		1,524	4.85
4	कुरनूल		1,099	3.50
5	श्री सत्य साईं		183	0.73
6	पीवीपी मान्यम		8	0.70
7	एएसआर		185	0.03
कुल			**24,842**	**79.27**
1	नंदयाल	केएमएस 2023-24 (रबी)	2,246	7.14
2	अनंतपुरमु		1,413	4.49
3	वाईएसआर कडपा		1,244	3.96
कुल			**4,903**	**15.59**
1	नंदयाल	केएमएस 2024-25 (रबी)	27,097	91.34
2	अनंतपुरमु		4,567	15.40
3	कुरनूल		1,994	6.72
4	**एसपीएसआर नेल्लोर**		**912**	**3.08**
5	वाईएसआर कडपा		831	2.80
कुल			**35,402**	**119.34**
समग्र योग			**65,146**	**214.20**

टिप्पणी: वर्ष 2024-25 (खरीफ) और 2025-26 (खरीफ) में ज्वार की कोई खरीद नहीं की गई।

*****

रागी :

क्र. सं.	जिला	मौसम	खरीदी गई मात्रा (टन में)	राशि (करोड़ में)
1	श्री सत्य साईं	केएमएस 2023-24 (खरीफ)	183	0.73
2	पीवीपी मान्यम		8	0.70
3	एएसआर		185	0.03
कुल			**376**	**1.46**
1	श्री सत्य साईं	केएमएस 2024-25 (खरीफ)	190	0.81
2	एएसआर		129	0.55
कुल			**319**	**1.36**
1	श्री सत्य साईं	केएमएस 2024-25 (रबी)	735	3.15
2	श्रीकाकुलम		84	0.36
3	विशाखापत्तनम		83	0.36
कुल			**902**	**3.87**
सकल योग			**1597**	**6.69**

टिप्पणी: 2023-24 (रबी) और 2025-26 (खरीफ) में रागी की कोई खरीद नहीं की गई।

- **कोनासीमा जिले में मोटे अनाज की कोई खरीद नहीं की गई।**

*****

अनुबंध-II

लोक सभा में दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 5293 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध

एजेंसी का नाम: आंध्र प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (एपीएससीएससीएल)।

केएमएस 2023-24 और केएमएस 2024-25 के दौरान मोटे अनाज की खरीद के लिए खोले गए खरीद केंद्रों का विवरण निम्नानुसार है:

खरीफ 2023-24:

क्रं. सं.	जिला	खरीद केंद्रों की संख्या
1	अल्लूरी सीताराम राजू	22
2	अनंतपुरमु	11
3	कुरनूल	12
4	नंदयाल	111
5	पार्वतीपुरम मान्यम	1
6	श्री सत्य साईं	52
7	वाई.एस.आर. कडपा	35
कुल		**244**

रबी 2023-24:

क्रं. सं.	जिला	खरीद केंद्रों की संख्या
1	अनंतपुरमु	9
2	नंदयाल	22
3	वाई.एस.आर. कडपा	29
कुल		**60**

खरीफ 2024-25 :

क्रं. सं.	जिला	खरीद केंद्रों की संख्या
1	अल्लूरी सीतारमा राजू	5
2	श्री सत्य साईं	28
कुल		**33**

रबी 2024-25 :

क्रं सं	जिला	खरीद केंद्रों की संख्या
1	अनंतपुरमु	19
2	कुरनूल	20
3	नंदयाल	110
4	श्री पोट्टी श्रीरामुलु,	**6**
5	नेल्लोर	69
6	श्री सत्य साईं	1
7	श्रीकाकुलम	1
8	विशाखापत्तनम	19
कुल		**245**

*****

अनुबंध-III

लोक सभा में दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 5293 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित अनुबंध

एपीएससीएससीएल द्वारा मोटे अनाज के भंडारण के लिए किराए पर लिए गए बफर गोदामों का विवरण निम्नानुसार है:

क्रं. सं.	जिला	गोदाम का नाम	किराए पर ली गई क्षमता (टन में)	उपयोग की गई क्षमता (टन में)
1	नंदयाल	सीडब्ल्यूसी-नंदयाल	6800	6800
2		एपी एसडब्ल्यूसी (एचजी) एसएसआरएफडब्ल्यू, गोपावरम	1256	1256
3		एसडब्ल्यूसी-नंदीकोटकुर	5000	5000
4		पीवीएसआर ग्रामीण किसान भांडागार	6000	6000
5		एवीआर ग्रामीण किसान भांडागार	3600	3600
6		एएमसी-अल्लागड्डा	5600	5600
		कुल	**28,256**	**28,256**

*****